आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना का किया लोकार्पण। आर्थिक तौर से कमजोर बहत्तर परिवारों को दिये फ्लैट के आवंटन पत्र।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला विश्व कप विजेता टीम से की मुलाकात। लगातार तीन हार के बाद टूर्नामेंट में उल्लेखनीय वापसी की सराहना की।
- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड ने जारी की अगले साल होने वाली दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी। अठारह फरवरी से एक साथ होंगी दोनों परीक्षाएं।
- प्रदेश में आस्था एवं उल्लास के साथ मनाई गई देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव जयंती।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री योगी ने योजना के तहत आर्थिक तौर से कमजोर बहत्तर परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र दिये किये। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास की सोच को ध्यान में रखते हुए आर्थिक तौर से कमजोर लोगों को आवास उपलब्ध करा रही है। श्री योगी ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिये राज्य में अब तक साठ लाख जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं।

**मुझे लखनऊ में जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप एक–एक आवास उपलब्ध करवाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मैं आवास प्राप्त करने वाले सभी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को हृदय से बधाई देता हूं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अवैध कब्जेदारों से जमीन मुक्त कराकर गरीबों के लिये मकान बना रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आठ हजार लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें पांच हजार सात सौ आवेदक आवास के लिये पात्र पाये गये। एलडीए जल्द ही योजना बनाकर जरूरतमंदों को आवास मुहैया करायेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला विश्व कप विजेता टीम से मुलाकात की। श्री मोदी ने महिला क्रिकेट टीम को उनकी जीत पर बधाई दी और लगातार तीन हार के बाद टूर्नामेंट में उनकी उल्लेखनीय वापसी की प्रशंसा की। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी वर्ष दो हजार सत्रह की मुलाकात को याद किया, जब वे ट्रॉफी के बिना उनसे मिली थीं। तब प्रधानमंत्री ने उन्हें कड़ी मेहनत करते रहने की सलाह दी थी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। वह काशी को आठवीं वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर वहां का जिला प्रशासन जोर–शोर से तैयारी कर रहा है। वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। बाबतपुर से लेकर बरेका तक के मार्ग को दुरूस्त किया जा रहा है। काशी में प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत की तैयारी है।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू की गई संशोधित जीएसटी दरों से देश भर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों ने प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर करों में कमी करके इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर जीएसटी की दरें 28ः टैक्स लैब से घटाकर 18ः कर दी गई है जिससे स्कूलों और कार्यालय का खर्च कम हुआ है इसके साथ ही एयर कंडीशनर डिशवॉशर और टेलीविजन सहित विभिन्न घरेलू इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 18ः कर दिया गया है जिससे लोगों के लिए घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स किफायती हो गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी दरों को युक्ति संगत बनाने से लागत कम हुई है, पूरे क्षेत्र में मांग बढ़ी है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भी बल मिला है। शिवांग मिश्रा की रिपोर्ट के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

रेल यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे ने आधिकारिक मोबाइल ऐप रेल–वन लांच कर दिया है। यह ऐप रेलवे की कई सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मुहैया करायेगा। इसके जरिये लोग आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे। इसके अलावा शिकायत निवारण तक की सभी सुविधाएं इस ऐप के जरिये मिल सकेंगी।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड ने वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी जारी कर दी है। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों परीक्षाएं एक साथ अठारह फरवरी से शुरू होंगी और एक ही साथ बारह मार्च को समाप्त हो जाएंगी।

**********

प्रदेश भर में कल कार्तिक पूर्णिमा, गुरूनानक देव जयंती और देव दीपावली आस्था एवं उल्लास के साथ मनाई गयी। कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा अर्चना और दान पुण्य किया। लखनऊ, हापुड़, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर, जौनपुर, उन्नाव, बाराबंकी, कानपुर हमीरपुर, बुलंदशहर, बदायूं और गोरखपुर सहित कई जिलों में पवित्र नदियों के तटों पर मेले लगे ं इस अवसर पर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू तट पर धार्मिक अनुष्ठान किया। एक रिपोर्ट–

**अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले के मुख्य स्नान में लाखों श्रद्धालुओ ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाकर डेढ़ किलोमीटर लम्बे सरयू तट पर धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किये और नागेश्वर नाथ, कनक भवन, हनुमान गढ़ी, राम जन्मभूमि और श्री राम बल्लभा कुज्ज में पूजा–अर्चना की। भीड़ के चलते दर्शनार्थियों को जत्थों में छोड़ा गया। अयोध्या में धार्मिक जयघोष, हवन–पूजन और प्रवचन से वातावरण भक्तिमय रहा। इस बीच माह भर से ठहरे कल्पवासियों का लौटना शुरू हो गया। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

गोरखपुर में राप्ती नदी के किनारे कल सवा लाख से अधिक दीप जलाए गए। इस अवसर पर डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी और महापौर मौजूद थे। लोगों को संबोधित करते हुए श्री पाल ने कहा कि भारतीय परम्परा समाज के सभी वर्गो को एक साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देती है।

अमरोहा के गंगाधाम तिगरी में जारी कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य उत्सव भी कल पारम्पिक उत्साह के साथ मनाया गया।

कल काशी में ऐतिहासिक परम्परा वाली देव दीपावली मनाने के लिये लाखों श्रद्धालु पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस आयोजन का हिस्सा बने। एक रिपोर्ट–

**काशी में देव दीपावली के अवसर पर मां गंगा के किनारे अर्द्धचंद्राकार में चमकते–दमकते घाटों की कतारबद्ध श्रंखला घाटों पर झिलमिलाती असंख्य दीयों में टिमटिमाती रोशनी की मालाएं, और आकर्षक आतिशबाजी की चकाचौंध की दीवाली का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। काशी के इस विश्वविख्यात उत्सव की थीम इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर और जाति–पंथ अनेक, हम सनातनी एक रखी गई थी। महोत्सव में इस वर्ष 25 लाख दिए जिसमें 10 लाख सरकार की ओर से और 15 लाख जन सहभागिता से दीप प्रज्व्वलित किए गए। लेजर शो के माध्यम से अलग–अलग थीम पर शो का भी प्रदर्शन चेत सिंह किला घाट पर अलग–अलग समय हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी में देव दीपावली के आयोजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लोगों को शुभकामनाएं दीं।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मौसम शुष्क हो गया है और तापमान में गिरावट दर्ज की जाने लगी है। कुछ जिलों में हल्का तो कुछ में मध्यम कुहरा भी देखने को मिल रहा है। कल प्रदेश में बरेली सर्वाधिक ठंडा स्थान रहा वहां का न्यूनतम तापमान तेरह दशमल आठ डिग्री सेल्सियस रिकॅार्ड किया गया। कोहरे के चलते बरेली में न्यूनतम दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गयी। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान कानपुर में तैंतीस दशमल छः डिग्री सेल्सियस रिकॅार्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसान अगले दो दिन का मौसम पहले की तरह ही रहेगा। न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का पूर्वानुमान है। अगले दो दिन में मौसम शुष्क रहेगा और अधिकांश जिलों में सुबह कोहरा पड़ेगा।

**********